**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________

Roll No. | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________
(In words)

**Test Booklet No.**

**D-6309**

Time : **2 $^1/_2$** hours] [Maximum Marks : **200**

# PAPER-III
# MASS COMMUNICATION AND JOURNALISM

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

## MASS COMMUNICATION AND JOURNALISM
## जनसंचार एवं पत्रकारिता

### PAPER – III
### प्रश्नपत्र-III

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## SECTION – I
## खण्ड – I

**Note :** This **section** contains **five (5)** questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about **thirty (30)** words and carries **five (5)** marks.

**(5 × 5 = 25 Marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

Television performs many of its transformations 'subliminally'. Simply by being there, available for viewing, for debate and for participation, news channels effected changes in the way Indians operate in and interact with society. The creation of news channels itself signified two major changes in modern India : the rise of an aggressive new capitalist class that rode on the shoulders of a burgeoning post-reform economy and a simultaneous transformation in the Indian State as it adapted to the reform era. If private broadcasting is any indication, then the Nehruvian highway of development has not been replaced by a sign-posted auto-bahn of reform, but by a process of trial and error that has led to many overlapping systems of control and sometimes, very little control at all. Private news channels have grown in a legal black hole. There is still no overarching broadcasting law, for instance. That, of course, may change in the future, and the Ministry of Information and Broadcasting is currently drafting a new Broadcast Bill. Whatever the fate of that bill, one thing is certain : the rise of satellite television has ensured that the Ministry has ceased to be supreme tsar of the airwaves.

More significantly, in a country where the State tightly controlled broadcasting for over five decades, news channels themselves have enlarged the scope for political identification and action. This has not always been rational or 'positive', but it is fundamentally different from the past when television was nothing more than a governmental tool. News channels have opened up avenues that previously did not exist and brought many more people into the public arena·······Measuring the political effect of television is, however, an inexact science. For now, it is enough to argue that news television inserted a new factor into the political and social matrix of India and thereby altered it.

टेलीविजन अपने बहुत से रूपान्तरण अध: सांवेदनिक रूप से करता है । मात्र वहाँ उसके होने, और देखने, वादविवाद और सहभागिता के लिए उपलब्ध होने से, समाचार चैनलों ने भारतीयों की समाज के साथ प्रतिक्रिया करने में और क्रिया करने के ढंग में परिवर्तन किए हैं । स्वय: समाचार चैनलों का सृजन ही आधुनिक भारत में दो बड़े परिवर्तनों का संकेत करता है : एक आक्रामक नूतन पूँजीवादी वर्ग का उदय जो विकसित होती उत्तर-सुधार अर्थव्यवस्था के कन्धों पर सवार रहा, और दूसरा भारतीय राज्य में साथ ही साथ रूपान्तरण क्योंकि उसने सुधार युग के साथ अनुकूलन किया । यदि निजी प्रसारण कोई संकेत है, तो विकास का नेहरूवादी राजमार्ग, सुधार के सुनिर्देशित आधुनिक राजमार्ग द्वारा नहीं, बल्कि प्रयत्न-त्रुटि की प्रक्रिया द्वारा प्रतिस्थापित हुआ है, जिसने नियन्त्रण की, और कभी-कभी बिल्कुल कम नियन्त्रण की अतिव्यापी व्यवस्थाओं की ओर अग्रसर किया है । निजी समाचार चैनल कानूनी काली कोठरी में विकसित हुए हैं । उदाहरण के लिए, अभी भी कोई प्रसारण कानून नहीं है । यह, निस्संदेह, भविष्य में बदल सकता है, और सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय आजकल नवीन प्रसारण विधेयक का मसौदा तैयार कर रहा है । उस विधेयक का भाग्य कुछ भी हो, एक बात निश्चित है : उपग्रह टेलीविजन के अभ्युदय ने सुनिश्चित कर दिया है कि मन्त्रालय वायु तरंगों का सर्वोच्च बादशाह नहीं रहा ।

ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि उस देश में जहाँ, राज्य ने प्रसारण को पाँच दशकों से कड़ाई से नियन्त्रित किया है, स्वय: समाचार चैनलों ने राजनैतिक पहचान और कार्य करने के लिए दायरे को बढ़ाया है । यह हमेशा तर्कसंगत या सकारात्मक नहीं रहा, परन्तु यह पूर्व काल से, जब टेलीविज़न सरकारी उपकरण से ज्यादा कुछ नहीं था, भिन्न है । आज समाचार चैनलों ने ऐसे मार्ग खोल दिए हैं जो कि पहले मौजूद नहीं थे और यह और भी ज्यादा लोगों को सार्वजनिक क्षेत्र में ले आया है .... । तथापि, टेलीविज़न के राजनैतिक प्रभाव का माप करना अनिश्चित विज्ञान है । अभी के लिए, यह तर्क करना काफी है कि समाचार टेलीविजन ने भारत के राजनैतिक और सामाजिक साँचे में नवीन कारक डाला है और इस तरह, उसे बदला है ।

1. Explain the changes that television affects 'subliminally'.

   उन परिवर्तनों की व्याख्या करें जो टेलीविजन के कारण अचेतन-मन में उत्पन्न होते हैं ?

2. What was the context for privatization of broadcasting in India ?

भारत में प्रसारण के निजीकरण का संदर्भ क्या था ?

3. Did political-economic changes have an impact on broadcast policy ?

क्या राजनैतिक-आर्थिक परिवर्तन ने प्रसारण नीति को प्रभावित किया है ?

4. What did Nehruvian highway of development signify for broadcast regulation ?

विकास का नेहरूवियन-राजमार्ग, प्रसारण-नियमावली के लिए क्या संकेत देता है ?

5. What can be a reasonable assessment of the political and social changes brought in by private broadcasting ?

निजी प्रसारण द्वारा लाए गए राजनैतिक एवं सामाजिक परिवर्तन के लिए क्या तार्किक आकलन किया जा सकता है ?

## SECTION – II
## खण्ड – II

**Note :** This section contains **fifteen (15)** questions, each to be answered in about **thirty (30)** words. Each question carries **five (5)** marks. **(15 × 5 = 75 Marks)**

**नोट :** इस खंड में **पाँच-पाँच (5-5)** अंकों के **पंद्रह (15)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । **(15 × 5 = 75 अंक)**

6. What is DAGMAR ?
   डागमार (डी ए जी एम ए आर) क्या है ?

7. ‘Interpersonal communication is more effective than mass communication.’ Analyse.

‘अन्तर्वैयक्तिक संचार जनसंचार से ज्यादा प्रभावशील है ।’ विश्लेषण कीजिए ।

8. Explain Newcomb’s ABX model.

न्यूकॉम्ब के ए बी एक्स मॉडल की व्याख्या कीजिए ।

9. Explain the concept of 'demassification'.

अ-जनीकरण की अवधारणा की व्याख्या कीजिए ।

10. What do you mean by community media ?

समुदाय मीडिया (माध्यम) से आप क्या समझते हैं ?

11. What are the factors responsible for media selection in campaign planning ?

अभियान नियोजन में माध्यम चयन के लिए क्या कारक जिम्मेदार हैं ?

12. What is an 'Advertorial' ?

'विज्ञापकीय' क्या है ?

13. Intercultural communication leads to cultural homogeneity and affinity. Elucidate.

अन्त: सांस्कृतिक संचार सांस्कृतिक समरसता और बंधुता की ओर अग्रसर करता है । व्याख्या कीजिए ।

14. Give three basic recommendations of the MacBride Commission.

मैकब्राइड आयोग की तीन मूलभूत सिफारिशें बताइए ।

15. What is a Screenplay ?

पटकथा किसे कहते हैं ?

16. What is four point lighting ?

चार बिन्दु प्रकाश व्यवस्था क्या है ?

17. Describe a 'hammer' and a 'kicker' in a news headline.

समाचार शीर्षक में 'हैमर' एवं 'किक्कर' की व्याख्या कीजिए ।

18. What is teleconferencing ?

टेलीकान्फ्रेंसिंग क्या है ?

19. Mention at least two reasons for convergence in media.

मीडिया में केन्द्राभिसरण के कम से कम दो कारण बताइए ।

20. What is 'triangulation' in research ?

शोध में 'त्रिकोणीकरण' क्या है ?

## SECTION – III
## खण्ड – III

**Note :** This section contains **five (5)** questions of **twelve (12) marks** each. Each question is to be answered in about **200** words.

**(5 × 12 = 60 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में **बारह-बारह (12-12)** अंकों के **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **दो सौ (200)** शब्दों में अपेक्षित है ।

**(5 × 12 = 60 अंक)**

21. Write a brief note on "Raja Ram Mohan Roy's contribution to the growth and development of language journalism in India.

    भारत में भाषा पत्रकारिता की संवृद्धि एवं विकास में राजा राम मोहन राय के योगदान पर संक्षिप्त टिप्पण लिखिए ।

22. Explain the quantitative and qualitative approaches in content analysis.

    अन्तर्वस्तु विश्लेषण में परिमाणात्मक एवं गुणात्मक उपागमों की व्याख्या कीजिए ।

23. Cultivation theory contradicts Uses and Gratification theory. How ?

    कल्टीवेशन थ्योरी यूज़ज़ एवं ग्रेटीफिकेशन थ्योरी की विरोधी है । कैसे ?

24. Classical language of film making invented by Griffith followed the sequence of long shot-mid shot and close-up. Explain.

    ग्रिफिथ द्वारा अविष्कृत फिल्म निर्माण की क्लासीकीय भाषा ने लॉन्ग शॉट - मिड शॉट और क्लोज़-अप के अनुक्रम को अपनाया । व्याख्या कीजिए ।

25. Emergence of big media conglomerates leads to monopoly in the media market. Argue.

    बड़े मीडिया गुटों का आविर्भाव मीडिया बाजार में एकाधिकार की ओर अग्रसर करता है । विवेचना कीजिए ।

## SECTION – IV
## खण्ड – IV

**Note :** This section consists of **one** essay type question of **forty** (**40**) marks to be answered in about **one thousand** (**1000**) words on any **one** of the following topics.

**(1 × 40 = 40 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में एक **चालीस (40)** अंकों का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल **एक** पर, लगभग **एक हजार (1000)** शब्दों में अपेक्षित है । **(1 × 40 = 40 अंक)**

26. Discuss the increasing foreign direct investment in Indian media from the perspective of critical political economy.

संकटमय राजनैतिक अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य से भारतीय मीडिया में बढ़ते हुए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की विवेचना कीजिए ।

**OR/अथवा**

Discuss the relationship among universe, sample and sampling. How do these vary in each of the four types of probability sampling ? Comment on sampling error.

समग्र, सैम्पल और सैम्पलिंग (प्रतिचयन) के बीच सम्बन्ध की विवेचना कीजिए । प्रायिकता प्रतिचयन के चार प्रकारों में से प्रत्येक में यह किस प्रकार बदलता है ? प्रतिचयन त्रुटि पर टिप्पणी कीजिए ।

**OR/अथवा**

"Advertiser influence is generally ethically disapproved, especially when it affects news, and in general it may not even be in interest either of media (especially news media) or of advertisers to be seen too close to each other." – Comment.

विज्ञापक प्रभाव का सामान्यत: नैतिक रूप से अनुमोदन नहीं किया जाता है, विशेष रूप से जब वो समाचार को प्रभावित करता है, और सामान्यतया शायद मीडिया (विशेष रूप से समाचार मीडिया) और विज्ञापकों का एक दूसरे के साथ घनिष्ट दिखना उनके हित में नहीं भी हो सकता है - टिप्पणी कीजिए ।

**OR/अथवा**

ICTs are hailed as 'technologies of freedom.' Evaluate India's claim to being an 'information society; and critically evaluate the role of ICTs in transforming India into a better informed and just society.

आई सी टीस को 'स्वतन्त्रता की प्रौद्योगिकियाँ' कहा गया है । भारत के 'सूचना समाज' होने के दावे का मूल्यांकन कीजिए, और भारत को बेहतर जानकार और न्यायपूर्ण समाज में रूपान्तरित करने में आई सी टीस की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |
| 20 | |
| 21 | |
| 22 | |
| 23 | |
| 24 | |
| 25 | |
| 26 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ..........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................